Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 7:10 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 5:15 बजे

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 308 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 8 जून 2026



मदद को भागीं फातिमा सना...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 7.8 तीव्रता के भूकंप से फिलीपींस में चार की मौत, 200 से अधिक हुए घायल

नई दिल्ली, एजेंसी। फिलीपींस के दक्षिणी हिस्से मिंडानाओ में सोमवार सुबह तेज भूकंप के झटकों ने लोगों को दहशत में डाल दिया। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.8 दर्ज की गई है, जिसके बाद कई तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है। भूकंप के बाद बिजली आपूर्ति बाधित होने और लोगों के घरों से बाहर निकलकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने की खबरें सामने आई हैं।

## परवान पर चढ़ा नैनीताल का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी का ग्रीष्मकालीन पर्यटन सीजन परवान पर है। रविवार को 10 हजार से अधिक सैलानी नगर भ्रमण पर पहुंचे हैं। जिसके चलते नगर की रौनक में खासा निखार आ गया है।

बता दे मैदानी भागों में प्रचंड गर्मी से राहत पाने को सैलानियों का सैलाब हर वर्ष उमड़ता है लेकिन इस बार की भीड़ कुछ ज्यादा ही नजर आ रही है। इस वीकेंड पर गुरुवार शाम से सैलानियों का पहुंचना शुरू हो गया था जो रविवार शाम तक जारी रहा। पिछले तीन दिन में 25 हजार से अधिक सैलानी नगर भ्रमण पर पहुंच गए, जिनमें सर्वाधिक संख्या रविवार को दर्ज की गई। लेक ब्रिज टोल टैक्स के मुताबिक आज रविवार ढाई हजार से अधिक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया है यह संख्या गत दिवस की तुलना में अधिक हैए जबकि होता यह है कि रविवार को शनिवार की तुलना में सैलानी कम पहुंचते है। दूसरी ओर सैलानियों की संख्या बढने से यातायात व्यवस्था रेंगती नजर आई और मस्जिद चौराहा, चिड़ियाघर रोड, हल्द्वानी रोड, भवाली रोड, बिड़ला रोड समेत मालरोड में वाहन रेंगते नजर आए। पार्किंग स्थलों के अभाव के कारण यातायात चरमराया। इधर नगर के पर्यटन स्थल स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटर फ लि, केव गार्डन व चिडि?ाघर समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ रही।



### नैनीताल में दिनभर धूप तो शाम को बारिश

नैनीताल में रविवार को दिनभर खासा गर्म रहा जबकि शाम के समय थोड़ी देर हुई बारिश से राहत मिली। नगर का अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। बता दें नगर में सुबह के समय धूप खिली हुई थी और मौसम सुहावना बना हुआ था। जैसे जैसे सूर्यदेव आसमान चढ़ते गये गर्मी भी बढ़ती चली गई। गर्मी से राहत पाने को लोग छांव की शरण में बैठे नजर आए। दिन का समय उमसभरा रहा तो शाम तीन बजे बाद मौसम में बदलाव आया और बारिश शुरू हो गई जो जल्द ही रुक भी गई और मौसम सुहावना हो गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया और न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रहा।

पश्चिम एशिया युद्धः तेहरान में एयरस्पेस बंद

## ईरान के हमले और इस्राइल के पलटवार से तनाव बढ़ा

नई दिल्ली

एजेंसी

इस्राइल ने दावा किया है कि ईरान ने उस पर मिसाइलों से हमला किया है। अप्रैल की शुरुआत में लागू हुए युद्धविराम के बाद यह पहली बार है जब ईरान की ओर से ऐसा हमला किया गया है। इस घटनाक्रम से युद्ध समाप्त करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है।

यमन के हूती विद्रोही समूह ने इस्राइल पर ईरान के मिसाइल हमले का खुलकर समर्थन किया है। हूती समूह ने कहा कि रेजिस्टेंस एक्सिस पूरी तरह एकजुट है और क्षेत्रीय घटनाक्रम पर लगातार समन्वय बना हुआ है। समूह ने चेतावनी दी कि अगर इस्राइल ने तनाव बढ़ाया तो उसे और बड़े जवाबी हमलों का सामना करना पड़ेगा।

ईरान बोला- सऊदी एयर बेस पर हमने कोई मिसाइल नहीं दागी ईरान ने सऊदी अरब के अल-खार्ज एयर बेस पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के मुताबिक एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि ईरान ने अल-खार्ज एयर बेस की ओर कोई भी गोली या मिसाइल नहीं दागी है। यह बयान उस समय आया जब अल-खार्ज इलाके में धमाके जैसी खबरें सामने आईं और सऊदी सिविल डिफेंस ने संभावित खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया था। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की थी। हालांकि बाद में सऊदी अरब ने कहा कि खतरा टल गया है। फिलहाल घटना को लेकर तनाव बना हुआ है।



### इस्राइल में फिर गूंजी सायरनों की आवाज

इस्राइल में एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार मध्य इस्राइल के कई इलाकों में सायरन बजाए गए। चैनल 12 की रिपोर्ट में कहा गया कि गुश दान, यरूशलम और आसपास के क्षेत्रों में लोगों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक संभावित हमले के खतरे को देखते हुए इस्राइल ने अपना हवाई क्षेत्र अस्थायी रूप से बंद कर दिया है।

## दो-तीन दिन में मैदान के साथ पहाड़ों में भी चढ़ेगा पारा

देहरादून

हमारे संवाददाता

भले जून की शुरुआत में बारिश-बर्फबारी और तूफान के चलते मौसम सुहावना रहा लेकिन अगले दो-तीन में मैदान से लेकर पहाड़ तक गर्मी अपने तेवर दिखाएगी।

मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार दो-तीन दिन में अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री तक का इजाफा हो सकता है। तापमान बढ़ने का असर मैदान से लेकर पहाड़ तक देखने को मिलेगा। इस बीच पर्वतीय जिलों के ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश होने की भी संभावना है। रविवार के मौसम की बात करें तो दिन भर चटक धूप खिलने के कारण गर्मी ने परेशान किया। आंकड़ों पर नजर डालें तो दून में दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री बढ़ोतरी के साथ 36.4 डिग्री दर्ज किया गया जबकि रात का न्यूनतम तापमान 22.9 डिग्री के साथ सामान्य रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों में भी रहा। बीते दिनों हुई बारिश के दौरान यह आंकड़ा सामान्य के नीचे रहा और गर्मी से राहत मिली।

11 जून 2026 को स्थापना दिवस पर


रक्तदान शिविर

समयः प्रातः 9 बजे से

सांध्य दैनिक उत्तरांचल दीप सबके हाथ सच के साथ

खून दो, खुशी लो।





स्थानः उत्तरांचल दीप कार्यालय, चंद्रकांता हाउस, नैनीताल रोड हल्द्वानी (नैनीताल) संपर्कः– 9917783434, 9548899674

## प्रदेश में आज से एसआईआर की शुरुआत बीएलओ घर-घर जाकर गणना फार्म बांटेंगे

देहरादून

हमारे संवाददाता

चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के गणना प्रपत्र में मतदाता 2003 की जो जानकारी देंगे, उसके डेटा का मिलान न होने पर आयोग का नोटिस आएगा। नोटिस आने के बाद अपने और माता-पिता के भी दस्तावेज देने होंगे।

उत्तराखंड में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आज से शुरू हो जाएगा। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फार्म बांटेंगे। मतदाता बीएलओ से संपर्क करने के लिए बुक ए कॉल का लाभ भी ले सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने प्रदेश के सभी मतदाताओं से बूथ लेवल एजेंट्स को सहयोग करने की अपील की है। प्रदेश के सभी 11733 बीएलओ के पास गणना फार्म पहुंचा दिए गए हैं। अभियान के तहत सभी मतदाताओं को गणना फार्म उपलब्ध कराए जाएंगे। सात जुलाई तक एक माह के समय में बीएलओ की ओर से मतदाताओं के गणना फार्मों को बीएलओ एप के माध्यम से डिजिटिलाइज किया जाएगा। चुनाव आयोग की ओर से राज्य में आठ जून से एसआईआर शुरू होने जा रहा है। बीएलओ घर-घर गणना प्रपत्र लेकर पहुंचेंगे। इसके साथ ही दिशा-निर्देश भी जारी हो गए हैं।

### समोसे लेने गई युवती रहस्यमय ढंग से लापता, गुमशुदगी दर्ज

हल्द्वानी। रामपुर रोड स्थित बिष्णुपुरी क्षेत्र से एक युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों ने कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश की मांग की है। बिष्णुपुरी गली नंबर-10 निवासी राधा पत्नी अंकित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मई की शाम उनकी भांजी मुस्कान को घर के बाहर दुकान से समोसे लेने भेजा गया था। काफी समय बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटी। इसके बाद परिजनों ने आसपास और परिचितों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। प्रार्थिनी ने बताया कि उनका हाल ही में ऑपरेशन हुआ था और घर में अन्य कोई सदस्य मौजूद नहीं था, जिसके कारण वह तत्काल शिकायत दर्ज नहीं करा सकीं।

# लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारियों की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लोनिवि नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संगठन नैनीताल की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को लोनिवि प्रांतीय खंड प्रांगण में आयोजित हुई जिसमें कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं, मांगों एवं संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों ने सर्वसममति से कर्मचारियों के हितों से जुड़े लंबित मामलों के शीघ्र समाधान हेतु शासन एवं संबंधित विभागों से आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की।




बैठक में प्रमुख रूप से शासनादेश के अनुसार कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं जैसे ग्रीष्मकालीन वर्दी, छाता, बरसाती आदि सामग्री को 15 जुलाई तक मुहैया कराने की मांग उठाई गई, साथ ही सेवानिवृत कर्मचारियों के ग्रेच्युटी, जीपीएफ एवं पेंशन संबंधी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किए जाने पर भी जोर दिया गया। कर्मचारियों ने यह मुद्दा भी उठाया कि अनेक सरकारी आवासों में वर्षों से सेवानिवृत कर्मचारी निवास कर रहे हैं जिनके कारण वर्तमान कर्मचारियों को आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राजभवन, धोबीघाट एवं अन्य स्थानों पर स्थित ऐसे सरकारी आवासों को नियमानुसार शीघ्र खाली कराए जाने की मांग की गई।

बैठक में कार्यस्थलों के निरीक्षण एवं विभागीय कार्यों के संपादन हेतु कर्मचारियों को 60 से 70 किलोमीटर तक की यात्रा अपने निजी संसाधनों से करनी पडने की समस्या भी प्रमुखता से उठाई गई। कर्मचारियों ने पूर्व की भाँति वाहन भत्त पुन: लागू किए जाने की मांग की बैठक के दौरान संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन सर्वसममति से किया गया।

चुनाव प्रक्रिया राज्य संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष असलम अली, पेंशनर्स एसोसिएशन कर्मचारी परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारी बहादुर सिंह बिष्ट तथा जनपद महासचिव गोधन सिंह नेगी की उपस्थिति एवं देखरेख में संपन्न कराई गई। चुनाव में महेंद्र सिंह बिष्ट को लगातार चौथी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसके अतिरिक्त हरीश सिंह कोठ्याल को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजेंद्र सिंह अधिकारी को सचिव तथा पान सिंह को कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया।

संगठन के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए।चुनाव संपन्न होने के उपरांत उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा कर्मचारियों के हितों की रक्षाए संगठन की मजबूती एवं संगठनात्मक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करने का संकल्प दिलाया गया।नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिष्ट ने संगठन के प्रति विश्वास व्यक्त करने पर सभी कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि संगठन कर्मचारियों की प्रत्येक समस्या एवं मांग के समाधान के लिए सदैव उनके साथ खड़ा रहेगा तथा उनके हितों की रक्षा हेतु निरंतर संघर्ष करता रहेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण के लिए हर स्तर पर प्रभावी पैरवी की जाएगी।बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष महेंद्र सिंह बिष्ट जबकि संचालन मुखय संयोजक गिरीश जोशी द्वारा किया गया। अंत में श्री जोशी ने सभी उपस्थित कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकजुटता बनाए रखने तथा कर्मचारियों के अधिकारों एवं हितों के लिए निरंतर संघर्षरत रहने का आह्वान किया।

## सफाई मजदूर संघ के चुनाव के लिए आज नामांकन

**नैनीताल** । देवभूमि उत्तराखंड सफ ाई मजदूर संघ शाखा नगर पालिका परिषद नैनीताल की बैठक पालिका सभागार में हुई। बैठक में नगर पालिका परिषद के समस्त कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक में संघ के प्रदेश के सचिव दिनेश कटियार, संयुक्त सचिव सोनू सहदेव व जिला सचिव अमित सहदेव की मौजूदगी में निर्णय लिया गया कि संघ के 14 जून (रविवार) को होने वाले वार्षिक चुनाव में मुखय चुनाव अधिकारी अमित सहदेव की देख रेख में होंगे। बैठक में चुनावी कार्यक्रम की घोषणा की गयी जिसके तहत 8 जून (आज) को अपराह्न 1 बजे से शाम को तीन बजे तक विभिन्न पदों के लिए नामांकन होंगे जबकि 9 जून (मंगलवार) को नाम वापसी जो कि 11 बजे से 1 बजे तक होगी,उसी दिन 1 बजे से लेकर श ाम को तीन बजे तक चुनाव चिन्हों का आवंटन होगा।14 जून को सुबह 9 बजे से शाम को 5 बजे तक मतदान होगा जबकि 6 बजे से मतगणना होगी और देर रात में चुनाव परिणामों की घोषणा होगी।



## स्कूली बच्चों के बीच कई रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

शहीद मेजर राजेश अधिकारी राजकीय इंटर कॉलेज नैनीताल में छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें क्विज, स्लोगन, नाटक, वाद विवाद तथा भाषण आदि शामिल रहे।

कार्यक्रमों का आयोजन का मकसद छात्रों को रचनात्मक कार्यक्रमों से जोडना रहा। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रामेश्वरी पुरोहित द्वारा किया गया तथा कार्यक्रम के अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य भावेश पंत ने की । विद्यालय के नेवल एनसीसी अधिकारी नवीन चंद्र धूसिया, कैडेट्स व अध्यापक तथा अध्यापिकाओं ने पौधरोपण कार्यक्रम में भी प्रतिभाग किया । कार्यक्रम के अंत में भावेश पंत ने विश्व पर्यावरण दिवस की उपयोगिता को बच्चों को समझाते हुए विधिवत कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में कल्पना बिनवाल, शोभा, सुशीला हरबोला, देविका पांडे, सूरज कुमार तथा लक्ष्मी बिष्ट आदि उपस्थित रही।

## भूमियाधार व खूपी गांव में भाजपा की बैठक आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने रविवार को नैनीताल विधानसभा के भीमताल विकास खंड के भूमियाधार तथा खूपी गांवों में स्थानीय लोगों के साथ बैठक आयोजित की।

बैठक में डा.आर्य ने भाजपा की डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया, उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद से ही लगातार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास की दिशा में पूरी लगन व मेहनत से कार्य कर रही है। कहा कि लोगों को चाहिए कि वह कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने आगामी विधान सभा चुनाव के मद्देनजर संगठन की मजबूती व प्रदेश नेतृत्व में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान राजेश चन्द्र, डॉ. विरेन्द्र, लीलाधर,बाबी जलाल, प्रदीप कुमार, माधो चन्द्, सरस्वती देवी, संतोष देवी तथा जानकी देवी व प्रमोद कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।



## NEWS / फटाफट

### कूटा ने विवि कर्मी अमित के निधन पर जताया शोक



अमित कुमार, फाइल फोटो

**नैनीताल** । कुमाऊं विश्वविद्यालय शिक्षक संघ (कूटा) ने कुमाऊं विश्वविद्यालय के उपाधि अनुभाग के कर्मचारी अमित कुमार(33) के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है तथा उन्हें श्रद्धांजलि दी है । कूटा के तरफ से प्रो. ललित तिवारी,डॉ नीलू ,डॉ. दीपक,डॉ युगल जोशी ,डॉ. संतोष कुमार समेत कूटा परिवार ने दुःख जताया है।

### धरा को हरा-भरा रखने को किया गया पौधरोपण



**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान रविवार को 692वे दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 692वे दिन डीडीहाट बंदरलीमा खिरचना स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मंदिर के प्रमुख पुजारी चंचल सिंह खोलिया के नेतृत्व में एक पौधा धरती मां के नाम के तहत पौधारोपण किया गया। चंचल सिंह खोलिया ने कहा कि पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए उनके द्वारा पौधारोपण किया जा रहा है। कार्यक्रम में निरंजना गुरुरानी तथा देवेन्द्र व त्रिभुवन उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण जारी रहेगा।

### बीजेपी किसान मोर्चा की परिचायात्मक बैठक आयोजित



**नैनीताल।** बीजेपी जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा माननीय गणेश शाह की अध्यक्षता में परिचय बैठक का आयोजन हुआ जिसमें वक्ता के रूप में बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा महेंद्र सिंह नेगी समेत प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा नरेश हुड़िया तथा जिले के प्रभारी प्रताप बोरा का उदबोधन प्राप्त हुआ तथा आगामी कार्यकमों की जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महामंत्री दीपक जोशी व बिपिन कांडपाल जी ने किया इस बैठक में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री आनन्द सिंह दरमवाल, प्रदेश सोशल मीडिया सहयोजक श्री धीरज पांडेय, जिला उपाध्यक्ष चन्द प्रकाश उपाध्याय, जिला सोशल मीडिया सहयोजक श्री प्रमोद बिष्ट जी, शैलेश सिंह बिष्ट, जिला मीडिया सह.संयोजक किसान मोर्चा के अलावा पूरी जिला किसान मोर्चा की टीम उपस्थित रही।

### विदेशी नंबर से धमकी भरे कॉल, कार्रवाई की मांग

**हल्द्वानी।** शहर के गौजाजाली क्षेत्र निवासी कमल जोशी उर्फ मुनि जी को विदेशी और भारतीय नंबरों से लगातार धमकी भरे फोन आने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले की सूचना वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी दे दी गई है। तहरीर के अनुसार 5 जून की सुबह करीब 8ः03 बजे सऊदी अरब के एक अंतरराष्ट्रीय नंबर से फोन आया। कॉल करने वाले ने खुद को बजरंग दल से जुड़ा बताते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और कथित रूप से कहा कि आज जुमे के दिन तेरा आखिरी दिन होगा, घर से मत निकलना। इस धमकी के बाद पीडति ने मामले की जानकारी पुलिस अधिकारियों को दी। पीड़ित का आरोप है कि इसके लगभग 38 मिनट बाद एक अन्य व्यक्ति ने मो. खान पठान नाम बताकर फोन किया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

## बहुउद्देशीय शिविर में दी एआरओ बिष्ट ने जानकारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के रामगढ़ विकास खण्ड में वरिष्ठ नागरिकों की सहायता और क्षेत्रीय जनता को लाभान्वित करने के उद्देश्य से उच्चाधिकारियों के निर्देश पर समाज कल्याण विभाग की ओर से बहुद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा खाद्य विभाग से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में राशन कार्डो के सत्यापन हेतु टीमों का गठन किया गया है जो घर घर जाकर राशन कार्ड का सत्यापन कर रहे हैं, इसका यही उद्देश्य है कि जो लोग वर्तमान में पात्रता की श्रेणी से बाहर हो गए हैं उनके राशन कार्ड निरस्त कर उनके स्थान पर पात्र का चयन कर उन्हें योजना का लाभ दिलाया जा सके । मौके पर एआरओ बिष्ट द्वारा जानकारी देते हुए कहा कि सभी राशन कार्ड धारकों को अपने राशन कार्ड में अंकित



प्रत्येक सदस्य की ई- केवाईसी करानी अनिवार्य है, इसे संबंधित राशन की दुकान अथवा घर बैठे मेरा ई-केवाईसी एप डाउनलोड कर भी किया जा सकता है ।

कहा कि यदि किसी भी राशन कार्ड धारक द्वारा अपने राशन कार्ड में किसी भी प्रकार का कोई मॉडिफिकेशन करना हो तो विभागीय साइट में जाकर सिटीजन लॉगिन से राशन कार्ड में संशोधन किया जा सकता है । कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत प्राथमिक परिवार और अंत्योदय अन्न योजना के लाभार्थियों को वर्तमान में निःशुल्क राशन मुहैया करवाया जा रहा है । शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संबंधित समस्या का निस्तारण कर जनकल्याकारी योजनाओं की जानकारी शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों तथा जनता को प्रदान की गई ।

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## स्वयं को धोखा!

*सबसे गंभीर और चिंता की बात यह है कि हमारी आने वाली पीढ़ी के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है, लेकिन हम पर्यावरण संरक्षण का दिखावा करके स्वयं को धोखा दे रहे हैं। साल में एक दिन पर्यावरण के प्रति सजगता के लिए गोष्ठी, भाषण, पौधरोपण करते हुए तस्वीर खिंचवाने का ढोंग करते हैं, जबकि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर दिन कुछ न कुछ करने और प्रदूषण से वातावरण को बचाने का भरसक प्रयास करने की जरूरत है। पर्यावरण नष्ट होने से हमारा सुरक्षा कवच छिन रहा है।*

आधुनिक जीवनशैली में सुविधाओं की भरमार और दिखावे की प्रवृत्ति ने पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई है। जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण के दुष्परिणाम सामने आ रहे हैं। सबसे गंभीर और चिंता की बात यह है कि हमारी आने वाली पीढ़ी के अस्तित्व को खतरा उत्पन्न हो गया है, लेकिन हम पर्यावरण संरक्षण का दिखावा करके स्वयं को धोखा दे रहे हैं। साल में एक दिन पर्यावरण के प्रति सजगता के लिए गोष्ठी, भाषण, पौधरोपण करते हुए तस्वीर खिंचवाने का ढोंग करते हैं, जबकि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए हर दिन कुछ न कुछ करने और प्रदूषण से वातावरण को बचाने का भरसक प्रयास करने की जरूरत है। पर्यावरण नष्ट होने से हमारा सुरक्षा कवच छिन रहा है। तापमान बढ़ने से धरती धधक रही है। गर्मी पिछले कई वर्षों से नये रिकार्ड बना रही है। नदियां सूख कर नाले बनती जा रही हैं। जंगल में आग से पहाड़ पर भी सुकून नहीं है। मौसम चक्र पूरी तरह बिगड़ गया है। मानसून में बारिश अनियमित होती है। औसत वर्षा में कमी आई है। अतिवृष्टि से बाढ़ आने पर जानमाल की क्षति होती है। बेमौसम वर्षा और सूखे की दैवीय आपदा प्रकृति में बदलाव मामूली नहीं, बल्कि गंभीर चेतावनी है। मनुष्य अपनी गलतियों को नजरअंदाज करके प्रकृति पर दोषारोपण करते हुए दैवीय आपदा शब्द का इस्तेमाल करता है। दरअसल मौसम में अचानक बदलाव दैवीय आपदा नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ अन्याय का नतीजा है। प्रकृति विरोधी गतिविधियों के लिए पूरी दुनिया के लोग जिम्मेदार हैं। मिसाइलों के धुएं, बारूद के विस्फोट और रासायनिक हथियारों ने इंसानों की बस्तियों को तबाह करने के साथ ही जंगलों, नदियों, खेतों को नष्ट किया है। बेजुबान जीव-जन्तुओं के जीवन को खतरे में डाल दिया है। समुद्र में रहने वाले जलचर जीव, धरती पर जंगल में स्वच्छंद विचरण करने वाले वन्यजीव तथा आकाश में उड़ने वाले पक्षियों का अस्तित्व खतरे में है। जीव-जंतुओं और वनस्पति की अनेक प्रजातियां विलुप्त होती जा रही हैं। प्रदूषण के कारण प्राणवायु आक्सीजन की जगह लोग जहरीली हवा में सांस ले रहे हैं और बीमार हो रहे हैं। नदियों के प्रदूषित जल से प्यास बुझाना संभव नहीं है। विडम्बना यह है कि मनुष्य प्रकृति से दूर होकर केवल भौतिक विकास को ही प्रगति मान बैठा है। ग्लोबल वार्मिंग के लिए मनुष्य की भौतिकवादी गतिविधियां जिम्मेदार हैं। एयरकंडीशन, वाहनों से निकलने वाले कार्बन, उद्योगों के अपशिष्ट पर रोक लगाने की जरूरत है। सिर्फ एक दिन नहीं, हर दिन पौधों को पोषित करना होगा और वृक्षों को काटने पर रोक लगानी होगी।

# धरनाः बंगाली समुदाय को मिले एससी का दर्जा

## सुब्रत समेत कईओं ने मुंडवाए सिर के बाल,पीएम को भेजेंगे कटे हुए बाल



रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने का मुद्दा उठाते हुए बंगाली समुदाय के नेताओं का अनिश्चितकालीन धरना जारी है। शासन-प्रशासन की अनदेखी से नाराज बंगाली नेता ने अपने सिर के बाल मुडवा डाले और कटे हुए बालों को पीएम को भेजने का ऐलान किया।

उन्होंने चेतावनी दी यदि समाज को एससी का दर्जा नहीं दिया,तो उग्र आंदोलन होगा। बंगाली उत्थान समिति के अध्यक्ष सुब्रत विश्वास की मौजूदगी में पिछले कई दिनों से रविंद्रनाथ टैगोर की प्रतिमा के सामने बंगाली नेता अनिश्चितकालीन धरना दे रहे है। उनकी एक सूत्रीय मांग है कि बंगाली समाज को सामाजिक न्याय,अनुसूचित जाति के अधिकार,भाषा संरक्षण एवं नागरिक सम्मान के लिए एससी का दर्जा दिया है। रविवार को समिति के अध्यक्ष सुब्रत विश्वास के अलावा सुभाष राय,डॉ सुनील हालदार,निपेन विश्वास,राजू विश्वास,धीरज विश्वास ने भी सिर मुडवा कर अपना विरोध जताया। बंगाली नेताओं का कहना है कि बडी विडम्बना है कि ऊधमसिंह नगर में सबसे ज्यादा बंगाली समुदाय के लोग रहते है और इंटरमीडिएट की पढाई तक बंगाली समुदाय के छात्र को एससी का दर्जा दिया जाता है,लेकिन ग्रेजुएशन या फिर नौकरी आवेदन में एससी से वंचित रखा जाता है। इसके अलावा पिछले कई दशकों से बंगाली समुदाय एससी का मुद्दा उठा रहा है। बावजूद इसके भाजपा हो या फिर कांग्रेस की केंद्र शासित और राज्य शासित सरकार ने हमेशा अनदेखी की है। बंगाली समुदाय को पार्टी में बांटकर फूट डालने का काम किया है। उन्होंने बंगाली समुदाय से संगठित होकर आने वाली युवा पीढ़ी का उद्धार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुडन के बाद कटे बालों को ज्ञापन के साथ पीएम मोदी और सीएम धामी को प्रेषित किया जायेगा। इसके बावजूद मांग पूरी नहीं हुई तो बंगाली समुदाय उग्र आंदोलन को बाध्य होगा। इस मौके पर किशोर हल्दार,आरबी राय,हरीश कुमार,आरएन दोहरा,तरुण विश्वास, आदि मौजूद रहे।

## स्मैक तस्करी में एक को किया गिरफ्तार, कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई

रुद्रपुर। कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से स्मैक समेत नगदी बरामद हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक कोतवाली की चौकी तेल मिल प्रभारी प्रियांशु जोशी टीम के साथ शनिवार की रात क्षेत्र में शांति व्यवस्था और वाहनों की चैकिंग कर रहे। इसी बीच वह चौकी तेलमिल पहुंचे और यहां पर यहां कुछ देर रूकने के बाद बिन्दुखेड़ा की तरफ गये। देवहोम्स को जाने वाले कच्ची सड़क परखाली पड़े खंडहर के पास पहुंचा। एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर छिप गया। पुलिस ने उस पर संदेह हुआ तो घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम परविन्दर सिंह उर्फ पप्पू निवासी ग्राम बिन्दुखेड़ा रूद्रपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक प्लास्टिक की पन्नी बरामद हुई। जिसमें स्मैक थी।

## खाकी पर हमले के अभियुक्त तीन सगे भाई-बहन गिरफ्तार

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

एक पॉक्सो एक्ट से संबंधित मामले में विधि-विवादित किशोर के जन्मतिथि प्रमाण पत्र की जांच करने पहुंचे दो पुलिस कर्मियों के साथ कथित तौर पर मारपीट, अभद्रता,सरकारी कार्य में बाधा डालना और वर्दी फाड़ने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाएं समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी एक ही परिवार के है। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक कांस्टेबल विजय दरमाल और कांस्टेबल कृष्णा प्रसाद किशोर के जन्म प्रमाण संबंधी दस्तावेज लेने के लिए एसपीआर पब्लिक स्कूल, रम्पुरा पहुंचे थे। पुलिस के मुताबिक उक्त व्यक्ति ने पहले स्वयं को किरायेदार बताते हुए जानकारी देने से इनकार कर दिया। बाद में स्थानीय लोगों से पता चला कि स्कूल के स्वामी प्रदीप कुमार हैं और जानकारी देने से इनकार करने वाला व्यक्ति उनका पुत्र आशीष है। जब पुलिस कर्मियों ने दोबारा उससे जानकारी मांगी तो वह कथित रूप से आक्रोशित हो गया और अभद्र व्यवहार करने लगा। आशीष पर गाली-गलौज करते हुए अपने परिजनों को बुला लिया। इसके बाद उसकी मां राजवती,बहनें रेखा और सरिता तथा अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस कर्मियों का आरोप है कि सभी ने मिलकर उनके साथ धक्का-मुक्की की, गला पकड़ लिया तथा वर्दी फाड़ दी। वर्दी का दाहिना फ्लैप और जेब क्षतिग्रस्त हो गई तथा नेम प्लेट भी खींच ली गई। पुलिस ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग कैद होने का दावा किया है। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि कांस्टेबल की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आशीष पुत्र प्रदीप कुमार,रेखा और सरिता को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को कार्रवाई के बाद कोर्ट में पेश किया जा रहा है।

## हाईवे पर हुड़दंग और मारपीट के मामले में 8 हुड़दंगियों पर बड़ी कार्रवाई

रुद्रपुर। किच्छा-पुलभट्टा हाईवे स्थित सिरौलीकला के पास आपसी विवाद एवं मारपीट की घटना का सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद पुलिस एक्शन में आई और आठ हुड़दंगियों को गिरफ्तार कर बड़ी कार्रवाई की। पुलिस सभी हुड़दंगियों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक 4 जून 26 की रात थाना पुलभट्टा क्षेत्र में दो पक्ष आपस में मारपीट कर हाईवे पर हुड़दंग मचा रहे। इसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो को एसएसपी अजय गणपति ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित थानाध्यक्ष को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। कप्तान के कड़े एक्शन के बाद थाना पुलभट्टा पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच कर हुड़दंगियों को चिन्हित किया और दोनों पक्षों के 8 व्यक्तियों को किया। एसएसपी ने चेतावनी दी कि सार्वजनिक स्थानों पर अराजकता बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सख्त से सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# फिल्मी दुनिया

## बीच सड़क पर गिरा कैमरामैन, मदद को भागीं फातिमा सना शेख



*अभिनेत्री फातिमा सना शेख ने दौड़कर मदद का हाथ बढ़ाया। हालांकि, उन्होंने सबसे पहले कैमरा उठाया, उसके बाद कैमरामैन से हालचाल पूछा। नेटिजंस उनकी तारीफ कर रहे हैं। फिल्म दंगल से लोकप्रियता बटोरने वाली फातिमा सना शेख ने इंडस्ट्री में अच्छी पहचान बनाई है। वे सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर उनके लुक्स और स्टाइल की खूब चर्चा होती है। एक बार फिर वे सुर्खियों में हैं। मगर, इस बार मामला फिल्म या लुक का नहीं, बल्कि मदद के लिए बढ़ाए गए हाथ का है। फातिमा ने फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनत्री फातिमा सना शेख का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस एक कैमरामैन की मदद करती नजर आ रही हैं। दरअसल, वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि कैमरामैन अचानक बीच सड़कर पर गिर पड़ा। इस दौरान उसका कैमरा छिटककर दूर गिर गया। फातिमा सना शेख की नजर जैसे ही पड़ी, वे मदद को भागीं और कैमरा उठाकर शख्स को दिया। वीडियो में देखा जा सकता है कि फातिमा ने सबसे पहले कैमरा उठाया और उसे करीने से संभालते हुए कैमरामैन को थमाया। इसके बाद उन्होंने कैमरामैन से पूछा, आप ठीक हैं ना? पक्का ना। एक्ट्रेस का यह अंदाज देख नेटिजंस तारीफ कर रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, कैमरा की कीमत एक कैमरामैन या एक कलाकार ही समझ सकता है%। एक यूजर ने लिखा, लाखों रुपये का कैमरा बचा लिया। एक अन्य यूजर ने लिखा, कोई सेलिब्रिटी होता तो शायद नजरअंदाज कर आगे बढ़ जाता, लेकिन फातिमा के अंदाज ने दिल जीत लिया। एक यूजर ने लिखा, फातिमा की नेकदिली से कैमरामैन के चेहरे पर जो मुस्कान लौटी है, उसकी कीमत नहीं।*

### वर्कफ्रंट

*फातिमा सना शेख के करियर की बात करें तो उन्होंने चाची 420 (1997) से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। आमिर खान की फिल्म दंगल से उन्हें पहचान मिली। बीते दिनों उन्हें फिल्म मेट्रो इन दिनों और आप जैसा कोई में देखा गया। उनकी आखिरी फिल्म गुस्ताख इश्क है। फातिमा जल्द ही शो न्याय का हिस्सा होंगी।*

## गुरुजन बच्चों को पढ़ाई के साथ ही उनके कैरियर के प्रति प्रोत्साहित करें

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के जन्तु विज्ञान विभाग, आईक्यूएसी एवं विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. तेजेन्द्र एस गिलए (पूर्व प्राध्यापक जन्तु विज्ञान विभाग कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल) तथा वर्तमान प्रोफेसर हॉस्टन यूनिवर्सिटी टेकसास यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका का अभिनंदन समारोह आजोजित किया गया ।

डीएसबी परिसर के ओल्ड आर्ट्स परिसर में आयोजित समारोह में कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत संरक्षक के रूप में उपस्थित रहे जबकि सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट ने मुखय अतिथि के रूप में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। प्रो. गिल ने अपने व्याखयान में कहा कि मेहनत निश्चित रूप से रंग लाती है । जीवन में सकारात्मक रहना तथा विषय पारंगत होना जरूरी है । उन्होंने कहा कि युवाओं को रास्ता दिखाने का काम



शिक्षक जरूर करें। समारोह में प्रो.तेजेन्द्र एस. गिल को उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, शोध उपलबधियों तथा जन्तु विज्ञान विभाग से उनके विशेष जुड़ाव के लिए सममानित किया गया। कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि प्रो. गिल के शैक्षणिक जीवनए शोध कार्यों तथा विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के मार्गदर्शन में उनके योगदान को अत्यंत प्रेरणादायक बताया।कार्यक्रम का संचालन निदेशक प्रो. ललित तिवारी द्वारा किया गया। विभागाध्यक्ष जन्तु विज्ञान विभाग प्रो. हरीश चन्द्र सिंह बिष्ट ने सभी का स्वागत किया तथा प्रो. टी एस गिल का परिचय प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम में प्रो. गिल को शॉल उड़ाकर तथा प्रतीक चिन्ह भेंटकर समानित किया गया ।

News कॉर्नर

## भाई पर चापड़, चाकू और तमंचे से हमला किया

रुद्रपुर। चौकी रम्पुरा क्षेत्र खेड़ा निवासी युवक ने अपने साले के साथ मिलकर भाई को धारदार हथियार चापड़ और तमंचे के बट से हमला कर दिया। हमले में वह लहूलुहान हो गया। उसे अधमरा समझ कर भाग गए। उपचार को अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। खेड़ा निवासी सोनू ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसके पिता के नाम पर एफडी चल रही थी। घर में परेशानी होने के कारण उसने एफडी तोड़ दी। जिसके बाद उसके खाते में 55 हजार रुपये आए। बताया कि इसका पता चलते ही उसके भाई ने अपने फोन पे रुपये ट्रांसफर करने के लिए उससे मोबाइल छीनने का प्रयास किया।

# छायाकार बृजमोहन जोशी की फोटो प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आर्ट आफ हिमालय उत्तराखंड तथा उत्कर्ष ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश द्वारा भवाली में चित्रकला प्रतियोगिता,संगीत गायन प्रतियोगिता तथा फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुखय अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पंकज कुमार तथा उपस्थित विभिन्न विशिष्ट अतिथियों में आर्ट ऑफ हिमालय उत्तराखंड की निदेशक प्रियंका जोशी तथा गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। देश के प्रसिद्ध छायाकार बृजमोहन जोशी द्वारा व्यक्तिगत रूप से लगाई गयी इस फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन पद्मश्री डा.



यशोधर मठपाल तथा नवीन चन्द्र वर्मा अध्यक्ष वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद,देवेन्द्र सिंह ढैला उपाध्यक्ष बागवानी परिषद तथा उत्कृष्ट ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश तथा आर्ट ऑफ हिमालय उत्तराखंड के पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

बृजमोहन जोशी जो कि देश के जाने माने छायाकार हैं उनके द्वारा इस फोटो प्रदर्शनी में उत्तराखंड की लोक संस्कृति, लोक परंपराओं, पर्व, मेलों तथा लोक जीवन, कृषि दर्शन, प्रकृति चित्रण, नगाधिराज हिमालय आदि विषय से जुड़े लगभग 100 से अधिक फोटोग्राफ प्रदर्शित किए गये। चित्रकला प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के लगभग सौ से अधिक विद्यार्थियों ने सहभागिता की,यह प्रतियोगिता जूनियर व सिनियर दो वर्गों में आयोजित की गयी थी। ग्राफिक एरा भीमताल के विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता,जल संरक्षण,हरित पृथ्वी विषयों पर चित्रों का निर्माण किया गया। विद्यालयों से आये सभी विद्यार्थियों के द्वारा भी पर्यावरण संरक्षण विषय पर बहुत ही सुन्दर व ज्ञानवर्धक चित्रों का निर्माण किया गया। इसी क्रम में विद्यार्थियों द्वारा संगीत (गीत गायन) प्रतियोगिता में भी सहभागिता की गयी। सभी विजेताओं को पद्म श्री डा. यशोधर मठपाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर हेम आर्या,बालम सिंह मेहरा,हरि शंकर काण्डपाल, खष्टी बिष्ट,कंचन साह,नवीन क्षीरा, ललित भट, सुजान रजवार, प्रकाश आर्य,नन्द किशोर पाण्डे, सुनील कुमार, लेक इन्टर नैशनल भीमताल के शिक्षक अजय कुमार तथा अमित कुमार आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# अमेजन वेयरहाउस अग्निकांड की खुली पोल

## न्यायिक जांच और मुआवजे की मांग

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

रामपुर रोड स्थित अमेजन ई-कॉमर्स के वेयरहाउस में 5 जून की अर्धरात्रि को हुए भीषण अग्निकांड में दो युवा मजदूरों की मौत के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। घटना के बाद एक संयुक्त जांच दल ने वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जांच दल का आरोप है कि वेयरहाउस का संचालन सुरक्षा मानकों की अनदेखी कर केवल मुनाफा कमाने के उद्देश्य से किया जा रहा था, जिसके चलते दो युवाओं की जान चली गई।



जांच दल के अनुसार, एमएनएम लॉजिस्टिक्स द्वारा संचालित अमेजन वेयरहाउस में आग लगने से डिलीवरी बॉय के रूप में कार्यरत नरेंद्र आर्य (नीरज) और अमित की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक दिन में डिलीवरी का कार्य करते थे और रात में सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी भी कर रहे थे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त दल ने पाया कि पूरे गोदाम में सुरक्षा संबंधी बुनियादी इंतजाम तक मौजूद नहीं थे। गार्डों के बैठने के लिए अलग से कोई गार्ड रूम नहीं था और उन्हें पैक सामान के बीच ही ड्यूटी करने के लिए छोड़ दिया गया था। गोदाम में न तो फायर एक्जिट की व्यवस्था थी, न फायर अलार्म और न ही धुएं की निकासी के लिए एग्जॉस्ट फैन लगाए गए थे। इतना ही नहीं, वेयरहाउस के पास अग्निशमन विभाग से जारी अनिवार्य फायर एनओसी भी उपलब्ध नहीं थी।

जांच दल ने इसे कंपनी की आपराधिक लापरवाही करार देते हुए कहा कि सुरक्षा नियमों की अनदेखी के कारण दो परिवारों ने अपने कमाने वाले सदस्यों को खो दिया और अब वे बेसहारा हो गए हैं। निरीक्षण के बाद संयुक्त जांच दल ने दोनों मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। दल ने सरकार और प्रशासन से पूरे मामले की न्यायिक जांच कराने, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने तथा जिले में संचालित ऐसे सभी गोदामों की अग्नि एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं की तत्काल जांच कराने की मांग की। दल ने यह भी मांग उठाई कि मृतकों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को नियमित सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। साथ ही अमेजन वेयरहाउस के आसपास संचालित अन्य गोदामों में भी प्रशासन तत्काल सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करे।

### संयुक्त जांच दल में शामिल रहे ये प्रतिनिधि

जांच दल में भाकपा (माले) नैनीताल जिला सचिव डॉ. कैलाश पाण्डेय, ऐक्टू प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ललित मटियाली, अमेजन इंडिया वर्कर्स यूनियन के नीतेश, हॉकर जॉइंट एक्शन कमेटी के योगेश सैनी, किसान नेता जगतार सिंह बाजवा, ग्रामीण ई-रिक्शा कल्याण समिति के खेमकरण सैनी, यूकेडी के भुवन बिष्ट, किसान नेता राजकिशोर, राजीव लोचन तथा शेर सिंह समेत अन्य सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल रहे।

# कीर्तन समारोह से चोरी हुई बुलेट कार्रवाई न होने पर कोर्ट की शरण ली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित बाबा खाटू श्याम के कीर्तन समारोह के दौरान चोरी हुई बुलेट मोटरसाइकिल के मामले में पुलिस कार्रवाई से निराश एक युवक ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। राजपुरा निवासी भीम सिंह उर्फ भीम प्रकाश ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल कर कोतवाली पुलिस को वाहन चोरी की एफआईआर दर्ज करने के निर्देश देने की मांग की है। 3 जनवरी को वह एचएन इंटर कॉलेज में आयोजित कीर्तन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। उन्होंने अपनी बुलेट को कार्यक्रम स्थल के पास खड़ा किया था। देर शाम लौटने पर मोटरसाइकिल गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का कोई पता नहीं चल सका।

पीड़ित का आरोप है कि उसने घटना की सूचना तत्काल मेडिकल चौकी तथा बाद में कोतवाली पुलिस को दी, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी प्रार्थना पत्र भेजा, बावजूद इसके मामला दर्ज नहीं किया गया। पीड़ित ने न्यायालय को बताया कि एफआईआर दर्ज न होने के कारण उसे बीमा दावा (इंश्योरेंस क्लेम) करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। न्यायालय में दायर प्रार्थना पत्र में वाहन चोरी की एफआईआर दर्ज कर आवश्यक जांच कराए जाने की मांग की गई है।

### चार माह बाद भी नहीं मिली चोरी हुई बाइक, पुलिस पर आरोप

हल्द्वानी। शहर में वाहन चोरी की घटनाओं के बीच एक और मामला चर्चा में है, जिसमें चार माह बीत जाने के बाद भी चोरी हुई बाइक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पीड़ित ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए न्यायालय में गुहार लगाई है। राजपुरा निवासी भीम सिंह ने न्यायालय को बताया कि जनवरी माह में उनकी मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी और बाद में लिखित शिकायत भी सौंपी, लेकिन अब तक न तो एफआईआर दर्ज की गई।

# नैनीताल के बोहरागांव में जनमिलन कार्यक्रम आयोजित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के समीपवर्ती बोहरागांव में भाजपा का जनमिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सड़क और पेयजल सहित कई विकास कार्यों पर जनता की शिकायतों के साथ- साथ क्षेत्र के विकास के लिए क्षेत्रवासियों के अमूल्य सुझावों पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम में संगठन की मजबूती, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने तथा आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को सफ ल बनाने हेतु विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान उपस्थित भाजपा सदस्यों ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर क्षेत्र में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता से संवाद कर उनकी विभिन्न समस्याओं को सुना। विशेष रूप से पेयजल संबंधी समस्याओं के संबंध में मौके पर उपस्थित जल संस्थान के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए तथा शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता हेम चंद्र आर्य ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है हम सभी का दायित्व है कि हम सब मिलकर हमारे पर्यावरण को भी स्वच्छ और सुरक्षित रखें। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री दिनेश आर्य, दायित्वधारी सुश्री भावना मेहरा, मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती, ग्राम प्रधान सुरेंद्र बिष्ट, हेम आर्या, गणेश मेहरा, दीवान टम्टा, शिवांशु जोशी, मुकुल शर्मा, राधा देवी, जीवन सिंह मेहरा, उज्जवल चन्द्र,लक्ष्मण सिंह तथा भरत बिष्ट आदि मौजूद रहे।



## पूजा रावत रावत बनी अभिभावक संघ की अध्यक्ष

नैनीताल । नगर की अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कालेज में शिक्षक अभिभावक संघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें पूजा रावत को अध्यक्ष व मनोज कुमार को विद्यालय प्रबन्धन समिति का अध्यक्ष चुना गया।

बैठक में विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों और शैक्षणिक गतिविधियो पर चर्चा की गई ।

# केशव नेगी की गिरफ्तारी पर सांसद भट्ट ने की पुलिस कमिश्नर से वार्ता

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दिल्ली के मालवीय नगर अग्निकांड प्रकरण में उत्तराखंड निवासी केशव नेगी की गिरफ्तारी के संबंध में आज पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अजय भट्ट ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली पुलिस कमिश्नर से दूरभाष पर वार्ता की, अजय भट्ट ने मामले की गंभीरता को



देखते हुए निष्पक्ष एवं तथ्यपरक जांच सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इस पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आश्वस्त किया कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा तथा जांच पूरी तरह तथ्यों, साक्ष्यों और विधिक प्रक्रिया के आधार पर की जाएगी। भट्ट ने कहा कि हमें देश की न्याय व्यवस्था और जांच एजेंसियों पर पूरा विश्वास है। सत्य तथ्यों के आधार पर सामने आएगा और न्याय सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को दोषी या निर्दोष मानने का निर्णय केवल जांच और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर ही होना चाहिए। भट्ट ने विश्वास व्यक्त किया कि संबंधित एजेंसियां निष्पक्षता के साथ जांच कर सत्य को सामने लाएंगी।

# हाकी प्रतियोगिताः बहराइच, पूरनपुर, गोंडा व बरेली के खिलाड़ी जीते

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के डीएसए मैदान में खेली जा रही 100वीं अखिल भारतीय ट्रेड्स कप हाकी प्रतियोगिता के तहत रविवार को चार मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता का पहला मैच चादंपुर हाकी कलब चांदपुर और डीएचए बहराइच के मध्य खेला गया जिसमें बहराइच की टीम ने 1-0 से जीत दर्ज की। बहराइच की ओर से 9वें मिनट में भरत ने गोल किया।दूसरा मैच रानीखेत और डायमंड हाकी कलब पुरनपुर के मध्य खेला गया जिसमें शून्य 0के मुकाबले 4 गोल से विजय दर्ज की पुरनपुर ने। मध्यान्तर तक पूरनपुर 2-00से आगे थी पुरनपुर से 20 मिनट में बीनू जबकि 27वें व 57वें मिनट में साजन जबकि 59वें मिनट मे राहुल ने एक गोल किया।



प्रतियोगिता का तीसरा मैच नैनीताल इलेवन और मन्ना उसताद हाकी कलब गोंडा के मध्य खेला गया जिसमें गोडां ने 1 के मुकाबले 7 गोल से विजय दर्ज की। मध्यान्तर तक गोंडा की टीम 3-0 से आगे थी, गोंडा की ओर से 2 वें मिनट मे करन तथा 6वें मिनट मे सत्यम जबकि 27वें व 52वें मिनट मे दिव्याशु वहीं 32वें मिनट में आकाश तथा 59वें मिनट मे अखंड ने गोल किये जबकि नैनीताल की ओर से मनीष ने 54वें मिनट एकमात्र गोल किया। चौथा मैच गुरूनानक हाकी कलब बरेली और सीबी कलब गवालियर के मध्य खेला गया जिसमें बरेली ने 5-1 गोल से मैच जीता। मध्यान्तर तक बरेली 2-0 से आगे थी बरेली की ओर से 2वें मिनट मे निखिलेश तथा 23वें मिनट नवनीत जबकि 46वें मिनट मे फि र निखीलेश तथा 56वें मिनट में फिर नवनीत तथा 59वें मिनट मे रिहान ने गोल किया जबकि गवालियर की तरफ से एकमात्र गोल 53वें मिनट मे चिराग ने किया।तकनीकी समिति रोहित साह,राजेश साह,दीपक साह,ललित साह, कैलाश बोरा व संजय गुप्ता,उद्घोषक मनोज चौहान जबकि अमपायर विजय फ र्त्याल, मोहित रावत, रवि जयसवाल व फैजान थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, उपाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट तथा प्रतियोगिता के आयोजक सचिव चंद्र लाल साह व डीएसए के सभी पदाधिकारी व सदस्य जुटे रहे।